# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


**दिनांक: 21-04-2023**

**प्रकाशनार्थ**

**पुनीत सागर अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता कार्यक्रम**

44 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर तथा दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सीटीओ डॉ. सुभाष चन्द्र ने अपने उद्बोधन में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को बताया कि पुनीत सागर अभियान की शुरुआत एनसीसी द्वारा समुद्र तटों, नदियों, झीलों तथा अन्य जल निकायों में मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को साफ करने और समुद्र तटों एवं नदी के किनारों को साफ रखने के महत्व के बारे में स्थानीय आबादी में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। उसके बाद उन्होंने पृथ्वी दिवस के आयोजन की आवश्यकता एवं उसके महत्व से एनसीसी कैडेट्स को अवगत कराया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कैडेट्स ने हरिओम नगर तिराहा, बाल-विहार, इन्दिरा तिराहा, कचहरी चौराहा, टाउन हॉल चौराहा तथा महाविद्यालय के आसपास तथा नालियों की साफ़-सफ़ाई की और मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरों को साफ किया। कैडेट्स ने अपने स्वच्छता अभियान में एकत्र किए गए लगभग 07 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को रीसायकल / पुन: चक्रण हेतु नगर निगम के कर्मचारियों को सुपुर्द किया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा चलाये गए स्वच्छता अभियान से शहर के लगभग एक हज़ार नागरिकों को स्वच्छता का सन्देश मिला।

इस कार्यक्रम का आयोजन 44 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी के सीटीओ डॉ. सुभाष चन्द्र, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर 44 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सतीश कंवर ने कहा कि पुनीत सागर अभियान के तहत इस तरह के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के आयोजन की पुनरावृत्ति की आवश्यकता है जिससे समाज में जन-जन तक स्वच्छता अभियान सन्देश को प्रेषित किया जा सके। कार्यक्रम के अन्त में सीटीओ डॉ. सुभाष चन्द्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों, 44 यूपी बटालियन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा एनसीसी के कैडेट्स को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

**डॉ. सुभाष चन्द्र**
**CTO**
**44 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर**

**डॉ. शैलेश कुमार सिंह**
**मिडिया प्रभारी**